54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.0°c
अधिकतम 32.0 °c

**पाठकों के लिए सूचना**
प्रिय पाठकों, आज आपका दैनिक समाचार पत्र 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' 8 पृष्ठों का प्रकाशित किया जा रहा है, अतः आप अपने हॉकर से आज के अंक के 8 पृष्ठ लेना न भूलें। -व्यवस्थापक

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा
रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

कांग्रेस को देशभक्ति और राष्ट्रगीत का पाठ पढ़ाने के बजाय भाजपा अपने कामकाज पर ध्यान दे : प्रमोद तिवारी



किसी को राह पर लाना भी तो एक काम होता है......

सूर्योदय - 5:48, सूर्यास्त - 6:57 | वर्ष : 54/ अंक : 226 | सोमवार, 17 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 8

# स्वतंत्रता दिवस पर जहीर फारुकी ने शहीदों के सम्मान में लिख दिया एक नया इतिहास





तिरंगा यात्रा को सम्बोधित करते चेयरमैन जहीर फारूकी


तहसीलदार सदर को ज्ञापन सौंपते चेयरमैन जहीर फारूकी

**मुजफ्फरनगर।** 15 अगस्त को पुरकाजी की धरती ने तिरंगा यात्रा के रूप में जहीर फारुकी चेयरमैन पुरकाजी के नाम एक बार फिर इतिहास रच डाला। स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर पुरकाजी चेयरमैन जहीर फारूकी के आह्वान पर हजारों देशभक्तों का जनसैलाब पुरकाजी रोडवेज बस स्टैंड में एकत्रित हुआ। पहले वहां जहीर फारूकी ने सभी लोगों को राष्ट्रीय ध्वज के महत्व और कानून के बारे में जानकारी दी और सबसे कहा कि बिना किसी वाहन के तिरंगा यात्रा निकालेंगे आगे सिर्फ एक डीजे होगा, जिसमें देशभक्ति के गीत और सूली वाला बाग का तराना बजेगा। जहीर फारूकी के दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए हजारों देशभक्ति की संयमित भीड़ हाथों में तिरंगा झंडा लेकर पुरकाजी के मुख्य सड़कों पर उमड़ पड़ी। इस तिरंगा यात्रा की सबसे विशेष बात यह रही कि नफरत के इस दौर में भी हिंदू और मुसलमान एक–दूसरे का हाथ पकड़कर हाथों में झंडा लेकर देशभक्ति के नारे लगाते हुए पुरकाजी के ऐतिहासिक सूली वाला बाग पर गए। ऐतिहासिक भीड़ के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम सूली वाला बाग पर हुआ, जिसमें हजारों लोगों ने सामूहिक राष्ट्रगान गया। भारत माता की जय के नारे लगाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जहीर फारूकी ने कहा कि 1857 की क्रांति से लेकर देश की आजादी तक पुरकाजी के सूली वाला बाग पर अंग्रेजों ने सैकड़ों देशभक्तों को शहीद किया है, लेकिन देश का दुर्भाग्य है कि हिंदुस्तान आजाद होने के बाद हिंदुस्तान की सरकारों ने अपने ही देश को आजाद करने वाले शहीदों की सुध तक नहीं ली। उन्हें शहीद का दर्जा तक नहीं दिया, न ही उनके परिवारों को उचित सम्मान दिया, न ही सूली वाला बाग जैसे ऐतिहासिक शहीद स्थलों को प्रेरणादायक बनाकर समाज के सामने लाया गया। आजादी के बाद की सभी सरकारें देश के शहीदों को उनका सम्मान देने में नाकाम रही हैं। जाहिर फारूकी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने बच्चों को स्कूलों में किताबी ज्ञान के साथ–साथ व्यवहारिक और सामाजिक ज्ञान भी जरूर देना है। अपने घरों में देशभक्ति का ऐसा माहौल तैयार करना है कि यदि देश को हमारे खून की जरूरत पड़ती है, तो पुरकाजी के हर घर से अपनी जान देने के लिए क्रांतिकारी सामने आए। कार्यक्रम के अंत में पुरकाजी के सूली वाला बाग को शहीद स्थल घोषित करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री भारत सरकार को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड़ को सौंपा।


तिरंगा यात्रा में उमड़ी समर्थकों की ऐतिहासिक भीड़


तिरंगा यात्रा में जहीर फारूकी का सम्मान करते समर्थक


तिरंगा यात्रा में क्षेत्रीय लोगों व कार्यकर्ताओं के साथ श्री फारूकी

## तिरंगा यात्रा में ऐतिहासिक भीड़, ऐतिहासिक अनुशासन

**मुजफ्फरनगर।** जहीर फारुकी के आह्वान पर पुरकाजी में पिछले 11 सालों से निकाली जाने वाली तिरंगा यात्रा के अंदर 15 अगस्त 2026 को भी भीड़ के उन्हीं के द्वारा बनाए गए पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ते हुए ऐतिहासिक भीड़ सड़कों पर हाथों में तिरंगा लेकर चलती रही। ऐतिहासिक भीड़ के अंदर ऐतिहासिक अनुशासन नजर आया। इसकी वजह यही थी कि यात्रा शुरू होने से पहले तिरंगा यात्रा के आयोजक जहीर फारूकी ने सभी लोगों को राष्ट्रीय ध्वज का महत्व और उसका कानून बता दिया था। हजारों लोगों की संयमित भीड़ पूरे अनुशासन के साथ करीब 1 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करके सूली वाला बाग पर पहुंचती है। तिरंगा यात्रा में सड़कों पर सिर्फ सिर ही सिर चमकते हुए दिखाई दिए। हर जाति और धर्म के लोगों ने इसके अंदर बढ़–चढ़कर भाग लिया।

## खादर तिराहे पर बड़ी क्रेन से हुई पुष्पवर्षा

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी के खादर तिराहे पर एक बड़ी क्रेन के से भोजहेड़ी ग्राम निवासी मरगूब अहमद और पुरकाजी के अनीस उर्फ लड्डू ने कई कुंतल गुलाब के फूल तिरंगा यात्रा पर बरसाये। बड़ी क्रेन से फूल बरसाते देख तिरंगा यात्रा में शामिल देशभक्तों ने पूरे जोश में हिंदुस्तान जिंदाबाद, सूली वाला बाग के शहीद अमर रहे के नारे लगाए। इसके अलावा नगर के विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत कर श्री फारूकी का अभिनन्दन किया गया।



**निवेदक : उनैश अली, सामाजिक कार्यकर्ता, कस्बा–पुरकाजी, मुजफ्फरनगर**

54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.0°c अधिकतम 32.0 °c

**अमृतवाणी**
सच, कर्म और चरित्र को क्रांति के बाद की चीज नहीं समझना चाहिए। इन्हें तो क्रांति के साथ-साथ चलना चाहिए।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

कांग्रेस को देशभक्ति और राष्ट्रगीत का पाठ पढ़ाने के बजाय भाजपा अपने कामकाज पर ध्यान दे : प्रमोद तिवारी



किसी को राह पर लाना भी तो एक काम होता है......

सूर्योदय - 5:48, सूर्यास्त - 6:57 | वर्ष : 54/ अंक : 226 | सोमवार, 17 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये | पृष्ठ : 2

# इस बार 2027 में नेताओं को कराइये एहसास, तभी मिल पाएगा 'शहर को नया विकास'






**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** पुराने विकास को तो आप कई वर्षों से लगातार देख ही रहे हैं, उन्होंने शहर की क्या हालत करके रख दी है, यह शायद अब शब्दों में बयां करने की आवश्यकता नहीं रह गयी है। आवश्यकता है, अब ऐसे नेताओं को एहसास कराने की कि अब वे जनता को आसानी से बेवकूफ नहीं बना पाएंगे। दरअसल नेताओं को पता है कि हर बार इसी तरह बारिश होगी, घुटनों से भी ऊपर पानी होगा, उसी समय हा-हाकार मचेगा और जनता बाद में गजनी की तरह चुनाव आने तक सबकुछ भूल जाएगी। इसी बात का फायदा लगातार नेता उठाते आए हैं और उठाते रहेंगे। ऐसे में अब जनता को ही अपना जागरण करना होगा और गलियों में वोट लेने आने वाले प्रत्येक दल के नेता से यही पूछना होगा कि उनके कार्यकाल में क्या विकास हुआ है? और नहीं हुआ तो आखिर अपने घरों का विकास कैसे हो गया? नए नेता भी नए-नए चेहरे लेकर हम सबके सामने आएंगे और नए-नए वादे करके फिर हमें रिझाने का काम करेंगे, मगर नेताओं को वोट देने से पहले पिछले बीस साल का इतिहास जरूर याद रखना होगा कि कभी शहर को संघई बनाने के वादे तो कभी इंदौर बनाने के सपने जिन नेताओं ने दिखाए थे वे अब कहां हैं? रविवार को एक बार फिर शहर में तैरते विकास का जो नजारा सामने आया है, वह कोई नया नजारा नहीं है, जितनी भी बारिश आज तक हुई हैं, सभी में ऐसे नजारे सामने आए हैं, जिनमें कहीं बाजारों में दुकानदारों के इलेक्ट्रॉनिक साामान, कॉस्मैटिक सामान, सूट-साड़ी, बर्तन आदि डूबते दिखाई दिये हैं। घरों की हालत यह रही कि प्रत्येक घर के बाहर वाईपर, बाल्टी लेकर नन्हें बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों तक घर में घुसे पानी को बाहर निकालते दिखाई दिये। बड़े-बड़े विकास के दावे लगातार फेल होते दिख रहे हैं और विकास आए दिन सड़कों पर तैरने के साथ-साथ, गोते भी लगा रहा है। रविवार को शहर की कोई भी सड़क अथवा गली ऐसी नहीं बची, जिसमें दो-दो फुट तक पानी न भरा हो और अभी तो और भारी बारिश की आशंका 17-18 अगस्त को मौसम विभाग की ओर से जताई गयी है। अब देखना यह होगा कि अभी तक तो जनता इस जलभराव को बर्दाश्त कर रही है, यदि पानी सिर से ऊपर जाता है तो जो 2027 में जनता अपनी बातों का जवाब प्रत्येक उस नेता से लेगी जो मठाधीश बनकर कुर्सी पर जमे बैठे हैं और हर बार जनता की आंखों में धूल झोंककर फिर सत्ता हासिल करने में कामयाबी प्राप्त करते हैं।

## आफत की बारिश में फिर डूबा शहर, बाजार, गली, मौहल्ले सब लबालब, आज भी बारिश के लिए मौसम विभाग का येलो अलर्ट

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** एक बार फिर मॉनसूनी बादल शहर पर आफत बनकर बरसे। कई दौर में हुई तेज बारिश के बीच शहर एक बार फिर पानी पर तैरते हुए नगर पालिका की व्यवस्थाओं की पोल खोलता नजर आया। कई दौर में शहर ने आज जल भराव का नमूना देखा। कोई सड़क, कोई गली और कोई मौहल्ला ऐसा नहीं था जहां पानी ना भरा हो। नगर में आज शाम पांच बजे तक 82.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। हालांकि इसके बाद भी तेज बारिश का दौर जारी रहा। तापमान अधिकतम 32 व न्यूनतम 24 डिग्री पर रहा। आसमान में आज दिन भर घने बादलों की मौजूदगी के साथ सुबह से लेकर रात तक कई दौर में बारिश देखने को मिली। पहले तो सुबह के समय जोरदार बारिश ने शहर को डुबोया, लेकिन उस समय लोग सोए हुए थे, इसके चलते उन्हें इसका अहसास नहीं हुआ। इसके बाद एक बाद मौसम खुल गया। दोपहर में एक बार फिर पहले हल्की बूंदाबांदी के बाद तेज बारिश का दौर शुरू हुआ तो शिवचौक से लेकर तमाम सड़कें व गली मौहल्ले पानी से भरे नजर आए। रुड़की रोड, मेरठ रोड, अंसारी रोड, साकेत, रामपुरी, जनकपुरी, लद्दावाला, नई आबादी, नुमाइश कैंप, मदीना कॉलोनी, बाला जी धाम के पास कूकड़ा रोड के अलावा गांधी कॉलोनी और नई मंडी की सड़कों पर जल भराव से लोग बेहाल रहे। अनेक स्थानों पर पानी घरों और दुकानों में भर जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। निचली आबादी वाले इलाकों में तो बुरा हाल था। बारिश से घरों व दुकानों का सामान भीग गया। कई जगह पानी में फंसकर वाहन खराब हो गए और लोग उन्हें धकेल कर बाहर निकालते नजर आए। बारिश होने पर तापमान में मामूली गिरावट के साथ लोगों को उमस से राहत मिली।

### अभी और जमकर बरसेंगे बदरा

मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के असर से प्रदेश में मानसूनी सक्रियता बढ़ेगी और अगले चार पांच दिनों तक प्रदेश के विभिन्न इलाकों में अच्छी बारिश देखने को मिलेगी। 24 जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 22 अन्य जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट है। साथ ही 56 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका जताई गई है। अंबेडकर नगर, अयोध्या, बदायूं, बहराइच बाराबंकी, बरेली, फतेहपुर, गाजीपुर, गोंडा, हरदोई, जौनपुर, कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, मुरादाबाद, पीलीभीत, प्रतापगढ़, रामपुर, संभल, भदोही, शाहजहांपुर, सीतापुर, श्रावस्ती, सुल्तानपुर, वाराणसी व आस पास के क्षेत्रों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है।

## गंगनहर पटरी पर पेड़ से टकराई कार कार, एक की मौत, चार भर्ती

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** हरिद्वार जा रहे पांच दोस्तों की कार गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर पाल गांव के पास अनियंत्रित कार खजूर के पेड़ से टकराने से कार चालक गुरुग्राम निवासी यश (30) की मौत हो गई। चार अन्य युवक घायल हो गए। पुलिस के अनुसार गुरुग्राम के स्पोर्ट विलेज सेक्टर दो के निवासी यश अपने साथी विवेक, दिल्ली के वसंतकुंज निवासी मोहित, अनिल, विशाल के साथ वैगनआर कार से गुरुग्राम से हरिद्वार जा रहे थे। रविवार तड़के चार बजे जब वह गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर गांव पाल के सामने पहुंचे तो कार बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े खजूर के पेड़ से टकरा गई। हादसे में कार में सवार पांचों युवक घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाल कर सीएचसी में भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों ने कार चला रहे यश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल विवेक को हायर सेंटर रेफर किया गया। जबकि अन्य घायलों को सीएचसी में ही उपचार दिया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन भी सीएचसी पहुंचे। मृतक गुरुग्राम की एक कंपनी में नौकरी करता था, वह अपने दोस्तों के साथ हरिद्वार घूमने के लिए निकला था। माना जा रहा है कि तेज रफ्तार और नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ।

**पांच दोस्त गुरुग्राम से हरिद्वार घूमने जा रहे थे, पाल गांव के पास हादसा**




## शान से लहराया तिरंगा, आम से खास सभी देश भक्ति के रंग में रंगे

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** स्वतंत्रता दिवस पर शहर समेत पूरा जनपद देश भक्ति के जज्बे में रंगा नजर आया। इस दौरान तमाम सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों पर तिरंगा शान के साथ लहराया और भारत माता की जय, वंदे मारतम और जय हिंद के घोष के साथ मातृ भूमि को नमन किया गया। डीएम उमेश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट और एसएसपी ने पुलिस लाइन व पुलिस कार्यालया पर ध्वजारोहण किया। इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का सम्मान किया गया। स्कूल कॉलेजों के साथ अनेक संस्थाओं द्वारा देश भक्ति के सांस्कृति कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनपद न्यायधीश और सीएमओ ने अपने कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया। घर-घर तिरंगा अभियान के चलते घरों पर भी ध्वज लहराता नजर आया। आम आदमी, युवा और बच्चे भी देश भक्ति के रंगों में रगे रहे।



### जिम्मेदारियों को याद करने का दिनः डीएम

पंद्रह अगस्त पर शान केसाथ तिरंगा फहराया गया। इस मौके पर कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान के साथ जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता सेनानियों और उनके परिजनों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। डीएम उमेश मिश्रा ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को याद करने का दिन भी है। उन्होंने कहा कि हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि गरीब, जरूरतमंद और पीड़ित व्यक्ति को न्याय दिलाना हमारा कर्तव्य है। डीएम ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कलेक्ट्रेट में अपनी फरियाद लेकर आने वाले किसी भी व्यक्ति की समस्या को गंभीरता से सुना जाए और उसका यथासंभव तत्काल समाधान कराया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी पीड़ित को अपनी समस्या के समाधान के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से देश की उन्नति और विकास में अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने कर्तव्यों का निष्ठा और ईमानदारी से पालन करे, तो देश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्रहित में अपना योगदान देने का संकल्प लिया।



## खेत में परिवार पर लोहे की रॉड और डंडों से हमला, दो घायल

**चरथावल, 16 अगस्त (बु.)।** जनपद के थाना चरथावल क्षेत्र के गांव दुधली में खेत पर काम कर रहे परिवार पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता बबीता पत्नी देवेंद्र कुमार निवासी दुधली ने थाना चरथावल में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार, 16 अगस्त 2024 की सुबह करीब 8:30 बजे बबीता खेत में अपने परिवार को खाना देने गई थीं। उस समय उनके पति देवेंद्र कुमार और देवर उमाकांत खेत में काम कर रहे थे। आरोप है कि इसी दौरान सचिन पुत्र विनोद, विनोद पुत्र महेंद्र और विनोद की पत्नी बबीता वहां पहुंचे और लोहे की रॉड व डंडों से अचानक हमला कर दिया। हमले में बबीता के पति देवेंद्र और देवर उमाकांत के सिर में गंभीर चोटें आने का आरोप है। घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग पहुंच गए और उन्होंने बीच-बचाव कर घायलों को आरोपियों से छुड़ाया। पीड़िता के मुताबिक, घटना के बाद आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गए। आरोप है कि उन्होंने बबीता के बेटों प्रियांशु और कार्तिक को भी जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने तहरीर में यह भी आरोप लगाया कि नामजद आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ पहले से मामले दर्ज हैं। पुलिस द्वारा घायलों का सरकारी अस्पताल में मेडिकल कराया गया। पीड़िता ने थाना प्रभारी से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।





## पंडित की चोटी काटी, मशीन से काट दिए भौंह के बाल, सहारनपुर में हैवानियत से ब्राह्मण संगठनों में आक्रोश

सहारनपुर, 16 अगस्त (एजेंसी)। छुटमलपुर थाना फतेहपुर क्षेत्र के ग्राम कमालपुर में एक पंडित के साथ मारपीट कर जबरन चोटी काटने और मशीन से सिर व भौंह के बाल काटने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। मामले को लेकर ब्राह्मण संगठनों में भी नाराजगी है और उनकी सक्रियता लखनऊ तक बढ़ने की बात सामने आ रही है। पीड़ित ने थाना फतेहपुर में तहरीर देकर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्राम हलवाना निवासी सुशील कुमार शर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह पंडिताई का कार्य करते हैं। साथ ही कमालपुर में जमीन ठेके पर लेकर खेती भी करते हैं। कमालपुर निवासी बालेंद्र उनके साथ खेती के कार्य में सहयोग करता है। इसी कारण उनका बालेंद्र के घर आना-जाना था।

## युवक की चाइनीज मांझे से कटकर गर्दन लटकी, मौत : हड्डी तक कटी, बाइक पर बैठे-बैठे जान गई

**गाजियाबाद, 16 अगस्त (एजेंसी)।** गाजियाबाद में चाइनीज मांझे से गर्दन कटने की वजह से एक युवक की मौत हो गई। वह शनिवार शाम 6 बजे बाइक से जा रहा था, तभी अचानक उसके गले में चाइनीज मांझा फंस गया। बाइक की रफ्तार तेज होने की वजह से उसकी गर्दन कट गई। सड़क पर खून फैल गया। पुलिस के मुताबिक, युवक अपने दोस्त के साथ बाइक से नोएडा से निकला था। दोनों दिल्ली के गाजीपुर जा रहे थे। रास्ते में नेशनल हाईवे-9 पर कौशांबी थाना क्षेत्र के पास हादसा हो गया। मांझा इतना धारदार था कि युवक के गर्दन की हड्डी तक कट गई। जिससे गर्दन लटक गई। पीछे बैठे दोस्त ने किसी तरह बाइक संभाली और चीख-पुकार मचाकर आसपास के लोगों से मदद मांगी। इसके बाद उसने गमछे से युवक के गले को बांधा। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



## दो टका कमाने के लिए चाइनीज मांझे बेचकर ले रहे जनता की जान, पकड़ा गया बुढ़ाना में दुकानदार

**बुढ़ाना, 16 अगस्त (बु.)।** लोगों की जान चली जाए सो चली जाए मगर दो टका कमाने के लिए कुछ दुकानदार किसी भी हद तक गिरने को तैयार रहते हैं। स्वयं सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद भी कुछ दुकानदार अपनी घिनौनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे और जानलेवा बन चुके चाइनीज मांझे को खूब बेच रहे हैं। हाल ही में गाजियाबाद में चाइनीज मांझे की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत के बाद बुढ़ाना में मुखबिर की सूचना पर जब पुलिस ने छापेमारी की तो दुकानदार अंकित पुत्र जयपाल के पास से प्रतिबंधित चाइनीज मांझा पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र के अन्य दुकानदारों को भी चेतावनी दी है कि अगर किसी के पास चाइनीज मांझा पाया गया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट ने जन और पक्षियों की सुरक्षा को देखते हुए चाइनीज मांझे की बिक्री और इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगा रखा है। इसके बावजूद कुछ लोग चोरी-छिपे इसकी बिक्री कर रहे थे।



## मुबारिकपुर में गृह-क्लेश के चलते महिला ने कीटनाशक जहर खाकर दी जान

**मंसूरपुर 16 अगस्त (बु.)।** मंसूरपुर। थाना क्षेत्र के गांव मुबारिकपुर में गृह-क्लेश के चलते एक महिला ने कीटनाशक जहर का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों में हड़कंप मच गया। महिला की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुबारिकपुर निवासी मोहित की पत्नी रीना ने शनिवार को कथित रूप से गृह-क्लेश के चलते कीटनाशक जहर का सेवन कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि रीना की शादी करीब चार वर्ष पूर्व मोहित के साथ हुई थी। घटना की जानकारी मिलने पर रीना के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने ससुराल पक्ष के लोगों पर रीना को जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।



## बिना केवाईसी नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर : घरेलू एलपीजी की सब्सीडी होगी खत्म

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** अब बिना केवाईसी घरेलू गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा। न ही सब्सिडी आएगी। यह नियम पुराने और नए, दोनों ग्राहकों पर लागू होगा। उज्ज्वला कनेक्शन वालों को भी केवाईसी कराना जरूरी है। पंद्रह अगस्त तक केवाईसी कराना जरूरी था। लेकिन लंबे समय तक केवाईसी नहीं कराने पर कनेक्शन ब्लॉक भी हो सकता है। यही नहीं बुकिंग रुक सकती है और उज्ज्वला कनेक्शन वालों की सब्सिडी भी बंद हो सकती है। यह नियम पुराने और नए, दोनों ग्राहकों पर लागू होगा। इंडियन ऑयल सहित सभी प्रमुख तेल कंपनियों ने साफ किया है कि ग्राहकों को सब्सिडी वाले रेट पर सिलेंडर की सप्लाई जारी रखने के लिए आज 16 अगस्त 2026 तक आधार आधारित बायोमेट्रिक ई-केवाईसी कराना अनिवार्य था। ई-केवाईसी की समय सीमा चूकने पर गैस कनेक्शन रद्द नहीं किया जाएगा। हालांकि, वेरिफिकेशन पूरा होने तक ग्राहकों को अस्थाई रूप से घरेलू दरों पर मिलने वाले सिलेंडर का एक्सेस खोना पड़ सकता है। इसका मतलब है कि कनेक्शन चालू रहेगा लेकिन आपको उस पर मिलने वाली छूट नहीं मिलेगी। रिपोर्ट्स और कंपनियों के मुताबिक, ई-केवाईसी न होने पर ग्राहकों को घरेलू के बजाय कॉमर्शियल दरों पर सिलेंडर खरीदना पड़ सकता है। सूत्रों के अनुसार ईकेवाईसी के लिए गैस एजेंसी जाने की जरूरत नहीं है। मोबाइल एप से घर बैठे कुछ मिनट में केवाईसी कर सकते हैं। केवाईसी के लिए जिस कंपनी का गैस इस्तेमाल कर रहे हैं, उसका ऑफिशियल एप डाउनलोड करें। इंडेन, एचपी या भारत गैस का एप गूगल प्ले स्टोर पर मिल जाएगा। एप में दिए गए ईकेवाईसी के ऑप्शन को चुनकर प्रक्रिया पूरी करें। फेस ऑथेंटिकेशन फेल होने पर घबराने की जरूरत नहीं है। एप को दोबारा खोलकर फिर से फेस वेरिफिकेशन की प्रक्रिया करें। ध्यान रखें कि चेहरे पर पर्याप्त रोशनी हो और मोबाइल को स्थिर रखें। फेस स्कैन के बाद एप में ई-केवाईसी सक्सेस का स्टेटस जरूर देखें। सिर्फ फेस स्कैन हो जाने से यह न मानें कि ईकेवाईसी पूरी हो गई है। अगर स्टेटस सक्सेस नहीं दिख रहा है, तो गैस एजेंसी से अपने कंज्यूमर रिकॉर्ड में ईकेवाईसी का स्टेटस कन्फर्म कराएं। अगर किसी ग्राहक को मोबाइल एप के जरिए प्रक्रिया पूरी करने में समस्या आ रही हो, तो अपने नजदीकी गैस एजेंसी जाकर बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन करवा सकते हैं। जब डिलीवरी कर्मचारी घर पर सिलेंडर देने आए, तो उनके पास उपलब्ध आधिकारिक डिवाइस के जरिए भी बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन कराया जा सकता है।

## रैपिड-मेट्रो स्टेशन पर शाहपुर का किशोर जिंदा कारतूस सहित पकड़ा

**मेरठ, 16 अगस्त (एजेंसी)।** मेरठ-रुड़की हाईवे स्थित मोदीपुरम रैपिड-मेट्रो स्टेशन पर शनिवार को सुरक्षा जांच के दौरान एसएसएफ कर्मियों को एक 17 वर्षीय किशोर के बैग से जिंदा कारतूस मिला। सुरक्षा कर्मियों ने किशोर को रोककर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पल्लवपुरम पुलिस मौके पर पहुंची और किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। स्टेशन प्रभारी निकिता वर्मा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 15 अगस्त को वह ड्यूटी पर थीं। इसी दौरान पहली पाली के प्रभारी एसएसएफ दरोगा नितिन मलिक ने उन्हें सूचना दी कि सुरक्षा जांच के दौरान एक यात्री के बैग से जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। पूछताछ में सामने आया कि यात्री 17 वर्षीय किशोर है। वह मुजफ्फरनगर के शाहपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। बरामद कारतूस के पेंदे पर केएफओ 9 5.56 अंकित बताया गया है। कारतूस मिलने की जानकारी होते ही स्टेशन परिसर में यात्रियों की भीड़ जुट गई। सुरक्षा कर्मियों और पुलिस ने यात्रियों को वहां से आगे रवाना कर स्थिति संभाली। इसके बाद डायल-112 को सूचना दी गई। पल्लवपुरम पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कारतूस को कब्जे में लिया और किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। स्टेशन की सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए घटना के बाद सुरक्षा कर्मियों ने जांच और सतर्कता बढ़ा दी। पल्लवपुरम थाना प्रभारी भरत सारस्वत ने बताया कि स्टेशन प्रभारी की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी नाबालिग है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कारतूस उसके पास कैसे पहुंचा और वह इसे कहां से लेकर आया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 24.0°c अधिकतम 32.0 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 5:48, सूर्यास्त - 6:57 | वर्ष : 54/ अंक : 226 | सोमवार, 17 अगस्त 2026 | श्रावण, शुक्ल पक्ष, पंचमी | सम्वत 2083 | मूल्य : 3 रुपये



**अमृतवाणी**

सच, कर्म और चरित्र को क्रांति के बाद की चीज नहीं समझना चाहिए। इन्हें तो क्रांति के साथ-साथ चलना चाहिए।

कांग्रेस को देशभक्ति और राष्ट्रगीत का पाठ पढ़ाने के बजाय भाजपा अपने कामकाज पर ध्यान दे : प्रमोद तिवारी




किसी को राह पर लाना भी तो एक काम होता है......



















# एक देश-एक चुनाव के संदेश के साथ हुई जज्बा दौड़

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** जज्बा दौड़-12 में 131 फीट तिरंगे के नीचे हजारों युवाओं ने एक साथ दौड़कर दिया 'एक देश-एक चुनाव' का संदेश दिया। समर्पित युवा समिति द्वारा आयोजित 'जज्बा दौड़-12' में अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) के विशाल मैदान में प्रातः 5 बजे से ही बारिश के मौसम के बावजूद हजारों धावकों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। मैदान में लहराते 131 फीट लंबे विशालकाय तिरंगे के नीचे बच्चे, युवा, बुजुर्ग, नेता, प्रशासनिक अधिकारी, पत्रकार और समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने एक साथ दौड़ लगाकर देशभक्ति का नया जज्बा कायम किया।



**एक देश-एक चुनाव' का संदेश लेकर दौड़े सभी**

इस वर्ष जज्बा दौड़ का मुख्य उद्देश्य 'एक देश-एक चुनाव' के प्रति जन-जागरूकता फैलाना रहा, ताकि मतदान प्रक्रिया में छूट जाने वाले 40% मतदाताओं को भी अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित किया जा सके। समर्पित युवा समिति के सत्यप्रकाश रेशू और अमित पटपटिया ने उच्च स्तर पर वार्ता कर फार्म भरने की प्रक्रिया को निःशुल्क रखा, जिसके बाद रजिस्ट्रेशन और दौड़ने वालों की संख्या ने एक नया रिकॉर्ड कायम कर दिया। राजकीय इंटर कॉलेज मैदान 'भारत माता की जय' और 'जय श्री राम' के घोष के साथ रेस शुरू हुई। बालकों व बालिकाओं के लिए अलग अलग दौड़ हुई। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, जिला पंचायत प्रशासक डॉ. वीरपाल निर्वाल, नगरपालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी, अशोक कंसल, शरद शर्मा, प्रवीण खेड़ा, विशाल गर्ग, नीति अग्रवाल, राजेश कुमारी, सतीश कुकरेजा, हिमांशु कौशिक और शोभित गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। मंच पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर युवाओं और आमजन को देशभक्ति, सामाजिक जिम्मेदारी और सिविक सेंस (नागरिक कर्तव्य) की सीख दी गई।

**लकी ड्रॉ में इन युवाओं को मिला स्कूटर** – लकी ड्रॉ में प्रशांत कुमार, विभु कुमार और आकांक्षा को स्कूटर प्रदान किया गया। रिया को विशेष लकी ड्रॉ में सोलर पैनल पुरस्कार स्वरूप मिला। पलक, सागर और अलीशा ने आकर्षक साइकिलें जीतीं, जबकि सागर को एलईडी टीवी का बंपर पुरस्कार मिला। कई छात्र-छात्राओं को भी विभिन्न सांत्वना पुरस्कार देकर उनका हौसला बढ़ाया गया।





## यूपी में मिलावटी दूध और डेयरी प्रॉडक्ट बेचने पर निरस्त होगा लाइसेंस, ब्रांड पर भी लगेगा बैन

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसी)।** दुग्ध उत्पादक इकाइयां स्वास्थ्य से खिलवाड़ करते हुए इसमें रिफाइंड तेल व वसा, सोयाबीन, टेल्कम पाउडर, डिटर्जेंट, टाइटेनियम डाईआक्साइड, लिक्विड ग्लूकोज, सेफोलाइट, रानीपाल, टीनोपाल, हाइड्रोजन पैराक्साइड समेत कई खतरनाक रसायनों की मिलावट कर रही हैं, जिससे लिवर एवं किडनी फेल होने के साथ ही कई प्रकार के कैंसर के मामले बढ़े हैं। एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध लगा दिया गया है, वहीं प्रशासन ने यह भी साफ कर दिया कि दुग्ध पदार्थों में मिलावटखोरी की पुष्टि होने पर इकाइयों का लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने 15 अगस्त को जारी संशोधित आदेश में अधिकारियों को यह कार्रवाई तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## हाईटेक बनेंगे यूपी के 18 बस स्टेशन, मॉल और होटल जैसी मिलेंगी सुविधाएं

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने बस स्टेशनों को अत्याधुनिक बनाने के लिए फिर कदम बढ़ाया है। दूसरे चरण के 49 बस स्टेशनों में से 18 के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। सभी बस स्टेशन प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप के तहत आकार लेंगे, इन सभी को प्रीमियम बस स्टेशन नाम दिया गया है। अब इच्छुक कंपनियां एक सितंबर तक आवेदन कर सकती हैं। परिवहन निगम बस स्टेशनों को पीपीपी पर बना रहा है। पहले चरण के प्रदेश के 23 बस स्टेशनों को संवारा जा रहा है, अब दूसरे चरण के 49 बस स्टेशनों में से 18 के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। इन बस स्टेशनों पर निवेशकों को परिवहन अवसंरचना के साथ-साथ रिटेल, होटल, फूड कोर्ट, आफिस स्पेस, मल्टीप्लेक्स और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में निवेश का भी अवसर मिल रहा है।

## यूजीसी नेट अंग्रेजी-कॉमर्स व समाजशास्त्र की दोबारा होगी परीक्षा

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसी)।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने यूजीसी नेट जून 2026 के अंग्रेजी, कॉमर्स और समाजशास्त्र विषयों की परीक्षा दोबारा कराने का फैसला किया है। इन तीनों विषयों के प्रश्नपत्रों में कई तरह की गंभीर खामियां सामने आई थीं। दोबारा परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। एनटीए ने यूजीसी नेट जून 2026 की परीक्षा 22 से 30 जून 2026 के बीच 87 विषयों के लिए आयोजित की थी। यह परीक्षा जूनियर रिसर्च फेलोशिप (जेआरएफ), असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए पात्रता और पीएचडी कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित की गई थी। एनटीए की ओर से जारी बयान के मुताबिक, अंग्रेजी, कॉमर्स और समाजशास्त्र के प्रश्नपत्रों में गलतियों को लेकर कई शिकायतें मिली थीं। इसके बाद एनटीए ने एक समिति बनाकर इन प्रश्नपत्रों की जांच कराई। जांच में तथ्यात्मक, टाइपिंग और अनुवाद संबंधी गलतियां मिलीं। मशहूर विद्वानों के नाम गलत लिखे गए थे। किताबों के शीर्षक भी गलत थे। सवालों की भाषा में कमियां मिलीं। व्याकरण, लिंग और वचन से जुड़ी गलतियां भी सामने आईं। इसके अलावा स्थापित अवधारणाओं के लिए गैर-मानक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। पहले पूछे जा चुके कई सवालों को दोबारा शामिल किए जाने की बात भी सामने आई।

## धर्मशाला जेल में हिंसक झड़प

**धर्मशाला, 16 अगस्त (एजेंसी)।** लाला लाजपतराय जिला मुक्त एवं सुधार गृह कांगड़ा धर्मशाला में रविवार दोपहर कैदियों और जेल स्टाफ के बीच बहसबाजी खूनी झड़प में बदल गई। अस्पताल भेजने के लिए गार्द लगाए जाने को लेकर शुरू हुई बहसबाजी के बाद मारपीट में चार कैदी और जेल के चार सुरक्षा कर्मचारी घायल हो गए। घायल कर्मचारियों में हेड कांस्टेबल राकेश वर्मा, सूरज, अजीत और शिवराम शामिल हैं। इन्हें उपचार के लिए डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय आयुर्विज्ञान महाविद्यालय एवं अस्पताल टांडा ले जाया गया है।

# बुलेटिन परिवार ने उल्लास के साथ मनाया स्वाधीनता दिवस





मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)। वंदेमातरम और भारत माता की जय के घोष के साथ मुजफ्फरनगर बुलेटिन परिवार ने स्वाधीनता दिवस उल्लास के साथ मनाया। इस मौके पर कार्यालय को तिरंगे प्रतीकों से सजाया गया। बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व उन शहीदों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का पर्व है, जिन्होंने आजादी की लड़ाई में अपना बलिदान दिया। स्वाधीनता दिवस मुजफ्फरनगर बुलेटिन कार्यालय पर पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर कार्यालय को तिरंगे प्रतीकों से विशेष रूप से सजाया गया। बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद बुलेटिन परिवार के गेट टूगेदर में वंदे मातरम और भारत माता की जय के घोष के साथ मातृ भूमि का नमन किया गया। बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ ने कहा कि आजादी उन रण बांकुरों के बलिदान से मिली है, जिन्होंने देश की आन बान और शान के रक्षा के लिए अपनी कुर्बानियां दीं। आज नई पीढ़ी को इसकी बहुत जानकारी भी शायद ना हो। युवाओं को आजादी की लड़ाई के इतिहास को पढ़ने और सीखने की जरूरत है। देश को आगे बढ़ाने के लिए सभी को एक जुट होकर राष्ट्र निर्माण के लिए काम करना होगा। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार ऋषिराज राही, जुनैद अहमद, विकास त्यागी, अलका शर्मा, दीपक वत्स, नवनीत शर्मा, आशीष, रॉबिन सिंघल, रिया, पूनम, आर्यन, गौरव, सोनू, शुभम व सागर आदि उपस्थित रहे।

## समाजवादी पार्टी की सरकार बनी तो 16 अगस्त को होगी उत्तर प्रदेश में छुट्टी: अखिलेश यादव

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसी)।** सपा अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा है कि आजादी की लड़ाई में वीरांगना अवंती बाई लोधी ने वीरता और शौर्य के साथ अंग्रेजों का मुकाबला किया। स्वतंत्रता आंदोलन में महारानी लक्ष्मी बाई के साथ ही हम वीरांगना अवंती बाई लोधी को भी याद करते है। समाजवादी सरकार में वीरांगना अवंती बाई लोधी के जन्म दिन पर 16 अगस्त को छुट्टी घोषित की जाएगी। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के साथ ही 16 अगस्त को वीरांगना अवंती बाई लोधी को याद करने के लिए सरकारी छुट्टी होगी। गोमती रिवरफ्रंट पर वीरांगना अवंती बाई लोधी की प्रतिमा सोने की तलवार के साथ लगाकर सम्मान दिया जाएगा। अखिलेश यादव ने इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी की 196वीं जयंती पर आयोजित विशाल सम्मेलन में उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। समाजवादी पार्टी को एक-एक वोट जोड़ना है। पीडीए में सभी लोगों को शामिल कर गुलदस्ता बनाया जाएगा। भाजपा सरकार को उत्तर प्रदेश में 10 वर्षों से देख रहे हैं। दिल्ली में भी कई वर्षों से भाजपा सरकार हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग बहुत ताकतवर दिखाई दे रहे थे, उन्हें कम उम्र के नौजवानों और छात्रों ने झुका दिया। जो लोग रामराज लाने की बात करते थे. उन्होंने अयोध्या में राम धन लूट लिया। प्रभु श्रीराम मंदिर में चढ़ावा चोरी कर लिया। मुख्यमंत्री ने अपने जिले गोरखपुर में 500 प्राइमरी स्कूल बंद कर दिया।



## वंदे मातरम को बीच में रोकने की हरकत पर फंसी सोनिया गांधी

**भाजपा का आरोप-सोनिया ने वंदे मातरम रोकने की कोशिश की: राष्ट्रगीत के दौरान बात करते दिखीं**

**नई दिल्ली, 16 अगस्त (एजेंसी)।** कांग्रेस मुख्यालय में वंदे मातरम गायन के दौरान राहुल, खड़गे और सोनिया गांधी इशारों में बात करते दिखे। भाजपा ने सोनिया गांधी पर कांग्रेस मुख्यालय के स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान वंदे मातरम गीत रोकने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कांग्रेस मुख्यालय के कार्यक्रम का वीडियो शेयर किया। भाजपा ने आरोप लगाया कि कार्यक्रम के दौरान पूरा वंदे मातरम गाया जा रहा था। कुछ शुरूआती पंक्तियों के बाद ही सोनिया इसे लेकर असहज होने लगीं। उन्होंने गीत रोकने का संकेत दिया। भाजपा ने पर लिखा- राहुल भी पूरे गायन के दौरान परेशान दिखे। भाजपा ने पर पोस्ट में लिखा- स्वतंत्रता दिवस पर भी गांधी परिवार की बैचेनी कैमरे में कैद हुई। भाजपा ने पर पोस्ट में लिखा- स्वतंत्रता दिवस पर भी गांधी परिवार की बैचेनी कैमरे में कैद हुई। वहीं कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि सोनिया ने वंदे मातरम रोकने की कोशिश नहीं की। वह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के लिए कुर्सी मांग रही थीं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूरे मामले पर कांग्रेस का पक्ष रखा। उन्होंने कहा- वंदे मातरम रोकने की कोई कोशिश नहीं हुई थी। कांग्रेस अध्यक्ष काफी देर से खड़े थे, इसलिए सोनिया गांधी कह रही थीं कि उनके लिए कुर्सी लाकर वहां रख दीजिए। जयराम रमेश ने दावा किया कि कांग्रेस मुख्यालय पर वंदे मातरम का पूरा संस्करण गाया गया था और इसे रोकने की कोई कोशिश नहीं हुई। उन्होंने कहा कि सोनिया के इशारे को वंदे मातरम रोकने की कोशिश बताना गलत है।



### वंदे मातरम विवाद: सोनिया-राहुल गांधी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**एएनआई, बंगलूरू, 16 अगस्त (एजेंसी)।** 15 अगस्त को कांग्रेस के स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगीत वंदे मातरम को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। इस मामले में अधिवक्ता शुभ शर्मा ने नई दिल्ली के आईपी एस्टेट पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि एआईसीसी मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान वंदे मातरम के गायन में जानबूझकर व्यवधान डाला गया। अधिवक्ता शुभ शर्मा ने इस कथित घटना को लेकर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के मुताबिक, 15 अगस्त 2026 को एआईसीसी मुख्यालय में कांग्रेस का स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया था। इसी कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रगीत वंदे मातरम का गायन हुआ। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इस दौरान जानबूझकर बाधा या व्यवधान पैदा किया गया। इसी आरोप को लेकर सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी गई है। हालांकि, शिकायत में लगाए गए आरोपों की जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि घटना में वास्तव में क्या हुआ था।

# योगी सरकार का सड़क सुरक्षा पर सख्त संदेश, चालान का मकसद सिर्फ जुर्माना नहीं; हासिल करना है शून्य मृत्यु दर का लक्ष्य

**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव के बीच सड़क सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का रुख बेहद सख्त है। राज्य में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने और 'शून्य मृत्यु दर' के लक्ष्य को हासिल करने के लिए परिवहन विभाग लगातार मुस्तैद दिख रहा है। सीएम योगी के निर्देशों के तहत परिवहन विभाग के प्रवर्तन दल ने प्रदेश भर में व्यापक जांच अभियान चलाया, जिसका बड़ा असर आंकड़ों में साफ देखने को मिल रहा है। विभाग ने हाल के वर्षों में 20 लाख से अधिक चालान कर कुल 646 करोड़ रुपये का प्रशमन शुल्क (जुर्माना) वसूला है। अपर परिवहन आयुक्त (प्रवर्तन) केडी सिंह गौर ने बताया कि सुरक्षित आवागमन और यातायात अनुशासन सुनिश्चित करना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान प्रदेश भर में करीब 15 लाख वाहनों के चालान काटे गए। इस बड़े पैमाने पर की गई प्रवर्तन कार्रवाई के माध्यम से विभाग ने 474 करोड़ रुपये का प्रशमन शुल्क जमा किया। यह कार्रवाई यह दर्शाती है कि सड़कों पर नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ विभाग की सतर्कता लगातार बनी हुई है। परिवहन विभाग की यह सख्ती चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी दोगुनी गति से जारी है। वित्तीय वर्ष के शुरूआती चार महीनों में ही विभाग ने प्रदेश भर में करीब 5 लाख चालान किए हैं। इन सख्त कार्रवाइयों के जरिए 172 करोड़ रुपये का प्रशमन शुल्क प्राप्त हो चुका है। इससे स्पष्ट होता है कि सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और लापरवाह वाहन चालकों को चिन्हित करने के लिए निगरानी तंत्र को पहले से अधिक मजबूत कर दिया गया है। परिवहन विभाग के अधिकारियों के अनुसार, इस कड़ाई और चालान की प्रक्रिया का मुख्य उद्देश्य महज राजस्व संग्रह करना नहीं है, बल्कि वाहन चालकों के भीतर यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदारी और अनुशासन का भाव पैदा करना है। नियमों के सख्त पालन से ओवरस्पीडिंग, बिना वैध दस्तावेजों के वाहन चलाने, क्षमता से अधिक माल या सवारी ढोने (ओवरलोडिंग) जैसे जानलेवा उल्लंघनों पर प्रभावी रोकथाम में मदद मिलती है।



## डिजिटल दौर में 'स्मार्ट' हुए यूपी के दिव्यांगजन, योगी सरकार दे रही स्मार्टफोन; टैबलेट और 15 हजार तक के गैजेट



**लखनऊ, 16 अगस्त (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार राज्य के दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर, सम्मानजनक और सुगम जीवन प्रदान करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठा रही है। दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित 'कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण योजना' अब केवल पारंपरिक उपकरणों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे आधुनिक तकनीक से जोड़ दिया गया है। बदलते समय की जरूरतों को देखते हुए पात्र लाभार्थियों को ट्राईसाइकिल और व्हीलचेयर के साथ-साथ स्मार्टफोन, टैबलेट और डेजी प्लेयर जैसे डिजिटल उपकरण भी मुफ्त उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स्मार्टफोन और टैबलेट जैसे आधुनिक उपकरणों ने विशेष रूप से दिव्यांग छात्र-छात्राओं और युवाओं के लिए शिक्षा तथा रोजगार के नए दरवाजे खोल दिए हैं। डिजिटल युग में इन उपकरणों की मदद से दिव्यांग युवा अब ऑनलाइन शिक्षा, अध्ययन सामग्री, डिजिटल संचार और विभिन्न सरकारी योजनाओं तक आसानी से पहुंच बना रहे हैं। आंकड़े बताते हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक 34,420 पात्र दिव्यांगजनों को विभिन्न कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरित किए जा चुके हैं, जिससे उनके सशक्तिकरण को एक नया डिजिटल आयाम मिला है।

## पुलिस भी तिरंगे की शान में मुस्तैद रही




**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने सुबह करीब 8 बजे कैंप कार्यालय और रिजर्व पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया। एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने अपने कार्यालय में तिरंगा फहराकर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रसेवा के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई। रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य समारोह में एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के साथ देशसेवा के प्रति पूरी निष्ठा और समर्पण से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में एसपी सिटी अमृत जैन, एसपी देहात अक्षय संजय महाडीक, एसपी यातायात अतुल कुमार चौबे, एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ, एएसपी सिद्धार्थ के. मिश्रा, सभी सीओ समेत अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### पुलिस के कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी: एसएसपी

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कहा कि पुलिस एक अनुशासित बल है। इसके कंधों पर समाज और देश की सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां होती हैं। चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी के साथ निभाना प्रत्येक पुलिसकर्मी का कर्तव्य है। उन्होंने पुलिसकर्मियों से ऊर्जावान और सकारात्मक सोच के साथ काम करने का आह्वान किया। एसएसपी ने मुजफ्फरनगर पुलिस परिवार को कठिन परिश्रम और सार्थक प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने धार्मिक आयोजनों, त्योहारों, जुलूसों और कांवड़ यात्रा जैसे चुनौतीपूर्ण कार्यक्रमों को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस बल की भूमिका की भी सराहना की।

### एसपी क्राइम कार्यालय में भी फहराया तिरंगा

**मुजफ्फरनगर।** एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ ने अपने कार्यालय में ध्वजारोहण किया। इसके बाद राष्ट्रगान का सामूहिक गायन हुआ। उन्होंने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता की रक्षा और देशसेवा के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई। एसपी क्राइम ने सभी पुलिसकर्मियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और मिष्ठान वितरित किया।

### पुलिसकर्मियों को पदक और प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया

**मुजफ्फरनगर।** स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को गृह मंत्रालय, भारत सरकार और पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश पुलिस की ओर से प्रदान किए गए पदक और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। एसएसपी ने सम्मानित पुलिसकर्मियों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें भविष्य में भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने कैंप कार्यालय में भी राष्ट्रीय ध्वज फहराया। एसएसपी और उनकी पत्नी डॉ. नीलम राय ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और मिष्ठान वितरित किया।

### विकास भवन में सीडीओ ने किया ध्वजारोहण

**मुजफ्फरनगर।** विकास भवन परिसर में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी लोगों ने एक साथ मिलकर राष्ट्रगान गाया। मुख्य विकास अधिकारी ने वहां उपस्थित सभी सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को 80वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस विशेष मौके पर देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। ग्राम सचिवालयों में भी झंडा रोहण किया गया।

### की क्रॉस-कंट्री रेस प्रतियोगिता आयोजित

**मुजफ्फरनगर।** स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के खास मौके पर खेल निदेशालय के निर्देश पर जिला खेल कार्यालय द्वारा बालक वर्ग के लिए 5 किलोमीटर और बालिका वर्ग के लिए 3 किलोमीटर की क्रॉस-कंट्री रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ एआरटी (प्रशासन) अजय मिश्रा, उप क्रीड़ाधिकारी भूपेंद्र सिंह यादव और उप क्रीड़ाधिकारी पूनम विश्नोई ने एक साथ मिलकर हरी झंडी दिखाकर किया। प्रतियोगिता में स्थानीय खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई। इस क्रॉस-कंट्री रेस में कुल 76 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। मैदान में उतरे खिलाड़ियों में 54 बालक और 22 बालिकाएं शामिल थीं, जिन्होंने देशभक्ति के माहौल में अपनी खेल क्षमता का प्रदर्शन किया।

## राधा कृष्ण मंदिर कुष्ठ आश्रम का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनेगा

**मुजफ्फरनगर, 16 अगस्त (बु.)।** राधा कृष्ण मंदिर कुष्ठ आश्रम रुड़की रोड का 83वां वार्षिकोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर मनाया जाएगा। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे। राधा कृष्ण मंदिर कुष्ठ आश्रम रुड़की रोड के वार्षिकोत्सव पर चार सितंबर को सुबह दस बजे अखंड कीर्तन प्रारंभ होगा। चौबीस घंटे तक चलने वाला यह अखंड कीर्तन पांच सितंबर को संपन्न होगा। इसके बाद दोपहर बारह बजे पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण के उपरांत एक बजे भंडारे का आयोजन किया जाएगा। राधा कृष्ण मंदिर कुष्ठ आश्रम रुड़की रोड के अध्यक्ष तपन चटर्जी, कोषाध्यक्ष भोलानाथ और सचिव लखीकांत ने बताया कि प्रति वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी के आयोजन में पूरा उत्साह रहता है। इस बार भी यह आयोजन पूरी पारंपरिक ऊर्जा के साथ मनाया जाएगा। आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहेंगे और जन्माष्टमी पर मंदिर की विशेष सज्जा भी की जाएगी।